हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज,

भोपाल, शनिवार 22 नवंबर 2025

04 गुना जिले से 7135 विद्यार्थियों ने शामिल...



07 थूवोनजी में 23 नबंवर जैनेश्वरी दीक्षाओं के लिए लिखेगा 12 ब्रम्हचारी...





## समाचार संक्षेप

### लाल परेड मैदान पर पुलिस की साप्ताहिक जनरल परेड का आयोजन



**गुना।** शुक्रवार को प्रातः पुलिस लाइन स्थित लाल परेड मैदान पर पुलिस फोर्स की नियमित साप्ताहिक जनरल परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने परेड की सलामी ली तथा सलामी उपरांत परेड निरीक्षण करते हुए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के टर्न-आउट की गुणवत्ता परखी गई। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री सोनी द्वारा जवानों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सदैव फिट रहने तथा अनुशासन एवं प्रोफेशनलिज्म के मूल सिद्धांतों को कार्य में सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने जवानों को सतर्कता, समयपालन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ आमजन की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। परेड ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस दल द्वारा मंच के सामने अनुशासित एवं आकर्षक मार्च-पास्ट कर अपनी बेहतरीन प्रशिक्षण क्षमता का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर एसडीओपी राघौगढ़ दीपा डोडवे, परिवीक्षाधीन डीएसपी एवं थाना प्रभारी राघौगढ़ आनंद कुमार राय, विजयपुर थाना प्रभारी निरीक्षक रितुराज सिंह कुशवाह, निरीक्षक मचल सिंह मंडेलिया, सूबेदार मोनिका जैन, सूबेदार यशवंत रघुवंशी सहित लगभग 100 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आरोपी से 315 बोर देसी कट्टा, एक जिंदा राउंड व मोटरसाइकिल जब्त



**गुना।** चाचौडा थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार मेहरा के नेतृत्व में बीनागंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अजय प्रताप सिंह और उनकी टीम द्वारा अवैध देसी कट्टा व एक जिंदा राउण्ड के साथ आरोपी गिरफ्तार किया है। 20 नवंबर की रात चाचौडा थाना क्षेत्र की बीनागंज चौकी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि लहरचा रोड स्थित कलारी के पास एक व्यक्ति अपनी हीरो स्पलेंडर मोटर साइकिल क्रमांक MP08 ZG 8204 पर बैठे हुए लोगों में दशहत फैलाने के लिए हाथ में कट्टा लेकर उसे लहरा रहा है। इस सूचना के मिलते ही बीनागंज चौकी से पुलिस की एक टीम द्वारा तत्काल लहरचा रोड़ पर मुखबिर के बताई जगह पर पहुंचकर देखा तो वहां पर मुखबिर के बताए हुलिए की मोटर साइकिल पर एक व्यक्ति बैठा हुआ दिखा, जिसने पुलिस को देखते ही वहां से भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस फोर्स द्वारा प्रभावी कार्रवाई उसे धर दबोच लिया गया, जिसने पूछताछ पर अपना नाम राहुल पुत्र रंधीर सिंह मीना उम्र 25 साल निवासी ग्राम पीपल्या थाना कुंभराज जिला गुना का होना बताया एवं जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर एक देशी कट्टा व एक जिंदा राउण्ड मिला। आरोपी के कब्जे से बरामद अवैध देशी कट्टा, एक जिंदा राउण्ड एवं मोटर साइकिल को पुलिस ने विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया और जिसके विरुद्ध चांचौडा थाने में आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## फतेहगढ़ में चक्काजाम, स्टेट हाईवे दो घंटे तक जाम

# बिजली संकट: गुस्साए किसान सड़क पर आए


हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

बिजली कर्मचारियों की मनमानी के खिलाफ अब आम लोगों का गुस्सा सड़कों पर उतरने लगा है। ताजा मामला फतेहगढ़ क्षेत्र का है, जहां बिजली कंपनी के कर्मचारियों के कथित सौतेलेपन को लेकर नागरिकों का खून उबाल मार गया। बिजली की कमी झेल रहे किसान न केवल सड़कों पर पसर गए, बल्कि उन्होंने घंटों तक स्टेट हाइवे पर आवागमन को भी रोके रखा। चक्काजाम की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस भी पहुंची, लेकिन किसानों के गुस्से के सामने पुलिसकर्मियों की एक न चल सकी। किसान इस बात को लेकर आक्रोशित थे कि फतेहगढ़ फीडर से उन्ही किसानों को बिजली दी जा रही है, जो किसान भारी भरकम पैसा कंपनी कर्मचारियों को देते हैं।



### पैसे वाले किसानों को दे रहे बिजली

*चक्काजाम के दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस साल कुछ रसूखदार लोग अपने पैसे के दम पर अपनी मनमानी करवा रहे है। धानवाड़ी और टूईयाखेड़ा को अलग अलग करवा कर 24 घंटे मोटर चला रहे हैं, जिससे बाकी किसानों को वाटर लेवल जल्दी जाने का डर सता रहा है और वोल्टेज भी सही नहीं आ पाता। इतना ही नहीं ग्रामीणों ने लाइनमेन पर पैसा लेकर बिजली देने का आरोप लगाया है।*



### फीडर शिफ्ट करने को लेकर विवाद

*चक्काजाम कर रहे ग्रामीणों का कहना था कि फतेहगढ़ डीसी के अधीन आने वाले जोहरी सब स्टेशन पर घूस लेकर लाइनमैन और सुपर वाइजर फर्जीवाड़ा कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जौहरी पावर हाउस से पांच फीडर निकलते हैं। ढिमरपुरा फीडर और रेजिया फीडर, दूसरी शिफ्ट में जौहरी की धानवाड़ी फीडर और टुईयाखेड़ा फीडर, फिर अगले शिफ्ट में कालीभोट फीडर शामिल हैं। जब से पावर हाउस बना ऐसे ही लाईट दी जा रही थी। जबकि बीलखेड़ा फीडर से सप्लाई रुकने की भी बात सामने आ रही है।*

### गुना जाकर शिकायत करो

ग्रामीणों का कहना है कि जब इस मनमानी की शिकायत लाइनमैन को की गई और लिखित मे आवेदन भी दिया गया, तो उन्होंने कहा गुना जाकर बात करो। इस बारे में वरिष्ठ अधिकारी सक्सेना साहब को भी अवगत कराया गया, फिर भी कुछ नहीं हुआ। अभी पानी देने का समय है। ऐसे में किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### मैं तो छुट्टी पर थी

मैं आज ही छुट्टी से लौटी हूं। मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। जहां तक बिजली आपूर्ति सवाल है, तो इसके लिए लगातार अच्छे प्रयास किए जा रहे हैं। कहीं-कहीं तो समस्या आती ही है, उसे हम रोक नहीं सकते।

**-अंकिता नेगी,** जूनियर इंजीनियर फतेहगढ़।

### इस कारण बनी समस्या

ओवरलोड के कारण यह समस्या बन गई थी। अब मैडम नेगी छुट्टी से लौट आईं हैं, तो अब वे इस काम को संभालेंगी। मेरे पास फतेहगढ़ का आज तक का प्रभार था। ओवरलोड के कारण बीलाखेड़ा फीडर की सप्लाई रुकी थी, अब ऐसी कोई समस्या नहीं है।

**-पीयूष कुमार,** जूनियर इंजीनियर बमौरी।




## विपश्यना ध्यान साधना परिचय उत्सव आज

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

दिल्ली के विपश्यना आचार्य डॉक्टर सुभाष सेठी जी आ रहे हैं स्कूली बच्चो को विपश्यना के प्रथम चरण आनापान सति ध्यान से परिचय कराने हेतू एसएल मेमोरियल स्कूल, भगत सिंह कालोनी, गुना में दिनांक 22 नवंबर को सुबह 9 बजे यह सत्र आयोजन किया जा रहा हे।

इस कार्यक्रम के उपरांत जिला जेल में बंदियों के लिए 11 बजे परिचय सत्र आयोजन किया जाएगा। 23 नवंबर को विपश्यना ध्यान केन्द्र, पगारा पर गुना के निवासियों के लिए परिचय सत्र आयोजन किया जाएगा !विपश्यना एक प्राचीन ध्यान विधि है, जो अत्मनिरिक्षण और मानसिक शुद्धता के माध्यम से सच्ची शांति प्राप्त करने में सहायक है, यह न केवल तनाव को कम करती है बल्कि जीवन में संतुलन और सुख लाने में भी मदद करती है। किसी भी जाति और धर्म का कोई भी व्यक्ति विपश्यना का अभ्यास कर सकता है; सबके लिए समान रूप से हितकारी है।इसी विषय पर रविवार दिनांक 23 नवम्बर को विपश्यना केंद्र (अशोक नगर रोड), पगारा में विपश्यना साधना परिचय कर्यक्रम आयोजित किया जा रहा है ! यह कार्यक्रम प्रातः 9:30 से प्रारंभ होकर दोपहर एक बजे भोजन के पश्चात समाप्त होगा। विपश्यना साधना के बारे में जानने के लिए उत्सुक वे सभी परिवारजन, सहयोगी तथा मित्रों के साथ केंद्र पर आमंत्रित हैं। इस विपश्यना साधना परिचय कर्यक्रम में भाग लेने के लिए वाट्सएप के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं।

### मारपीट व लूट के मामले में फरार एक और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल पहुंचाया

गुना। पुलिस अधीक्षक श्री अंकित सोनी के दिशा निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा जिले में विभिन्न प्रकरणों में फरार आरोपियों की धरपकड़ हेतु एक अभियान के रूप में कार्यवाहियां कर उन पर निरंतर शिकंजा कसा जा रहा है। गुना कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक सी.पी.एस. चौहान और उनकी टीम द्वारा दिनांक 05 सितंबर 2025 को शहर में एक युवक के साथ मारपीट कर लूटपाट के एक मामले में फरार एक और आरोपी गिरफ्तार कर जेल पहुंचा दिया है।

### नपाध्यक्ष ने संत रितेश्वर से लिया आशीर्वाद, सेवा और संस्कार की राह पर चलने का संकल्प

**गुना।** श्री आनंदम धाम ट्रस्ट वृंदावन के संस्थापक और प्रख्यात आध्यात्मिक गुरु संत रितेश्वर के गुना आगमन पर बीती शाम सर्किट हाउस में आस्था और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता संत रितेश्वर के दर्शन करने पहुंचीं। उन्होंने संत का चरण स्पर्श कर नमन किया और नगर के विकास तथा जनसेवा के कार्यों के लिए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। संत रितेश्वर के आगमन के दौरान जिले का प्रशासनिक व राजनीतिक नेतृत्व भी सर्किट हाउस में मौजूद रहा। भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, कलेक्टर किशोर कन्याल और पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी सहित अन्य अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित रहे और संत से आशीर्वाद प्राप्त किया। दर्शन के बाद नपाध्यक्ष सविता गुप्ता ने कहा कि संत रितेश्वर द्वारा दिए गए आध्यात्मिक संदेश— सेवा, संस्कार और समर्पण— समाजहित और लोककल्याण की दिशा में प्रेरणा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि संत की कृपा और मार्गदर्शन से नगर में बेहतर कार्यों को और अधिक गति मिलेगी।



## सेंट्रल बैंक आफ इंडिया का मेगा एमएसई आउटरीच कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की गुना शाखा द्वारा 21 नवंबर को मेगा एमएसई आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय प्रबंधक सागर से आए कुंदन कुमार रहे। कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य नये उद्यमियों को बैंक की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराना था। उपस्थित उद्यमियों को सेंट शाप, वेयरहाउस, सेंट बिसनेस एवं अन्य योजनाओं की जानकारी शाखा प्रबंधक मोहित शर्मा द्वारा दी गई। इस कार्यक्रम में गुना क्षेत्र के प्रमुख उद्यमी जीतेन्द्र खुराना, अखलेश जैन, मधुर कासट, अमित जैन, अमोल सलूजा आदि उपस्थित थे।

## तीन कैमरे भी तोड़े, मंडी से मक्का ले उड़े बदमाश

# दुकान की शटर तोड़कर उड़ाया 25 हजार का सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। गुरुवार रात को 10 बजे ही बदमाशों ने बीजी रोड पर गणेश टाकिज गली में एक इंजीनियरिंग शाप पर धावा बोलते हुए 20 25 हजार रुपए के सामान पर हाथ साफ कर दिया। तो उधर गल्ला मंडी से 80 कुंटल मक्का चोरी होने की घटना भी प्रकाश में आई है।बीजी रोड पर बदमाशों ने दुकान में लगे तीन सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए। घर पर रहे दुकान मालिक ने जब अपने मोबाइल में दुकान के सीसीटीवी देखे तो तीन कैमरे बंद मिले, ये देखकर वह तुरंत दुकान पर पहुंचे तो बदमाश पीछे वाले रास्ते से भाग खड़े हुए।

चोरी की पूरी वारदात जयस्तंभ चौराहा और सिटी कोतवाली के नजदीकी क्षेत्र की है और रात 10-11 बजे के दरमियान की, जब इस क्षेत्रमें पर्याप्त चहल-पहल रहती है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बदमाशों के होंसले बुलंद हैं और वह एक के बाद एक वारदात कर पुलिस को चुनौती पैश कर रहे हैं।

बीजी रोड पर गणेश टाकिज गली में माहुले इंजीनियरिंग वर्कस नाम से सुशील कुमार माहुले की दुकान संचालित है। जहां विभिन्न तरह के रिपेयरिंग के काम होते हैं एवं पाट्र्स आदि विक्रय होते हैं। दुकान मालिक ने बताया कि बदमाश पीछे के रास्ते से आए और शटर के ऊपर लगी खिड़की तोड़कर दुकान में अंदर प्रवेश कर गए। इस दौरान उन्होंने दुकान में लगे तीन कैमरे तोड़ दिए। उन्होंने बताया कि घटना रात करीब 10-11 बजे के बीच की है। उन्होंने घर पर अपने मोबाइल में जब दुकान के कैमरे बंद देखे तो उन्हें संदेह हुआ और वह तुरंत दुकान पर पहुंच गए। श्री माहुले ने कहा कि वे 10.20 पर दुकान पर पहुंचे और जैसे ही शटर खोली बदमाश पीछे वाले रास्ते से भाग गए। उन्होंने बताया कि 20 से 25 हजार का सामान चोरी चला गया है।

### मंडी परिसर से ले उड़े 80 क्विंटल मक्का

नानाखेड़ी कृषि उपज मंडी परिसर से विगत रात मंडी में खड़ी दो पिकअप गाड़ियों से लगभग 80 क्विंटल मक्का चोरी हो गया, जिसकी कीमत लगभग एक लाख 20 हजार रुपए बताई जा रही है।इस संदर्भ में बमोरी इलाके के ग्राम महोदरा निवासी किसान रवि साहू ने बताया कि वह विगत दिवस दोपहर 2 बजे अपनी एक पिकअप गाड़ी मंडी परिसर में खड़ा कर गए थे और देर शाम लगभग 10 बजे एक और गाड़ी लाकर मंडी परिसर में खड़ी की। दोनों गाड़ियों में कुल लगभग 80 क्विंटल मक्का भरा हुआ था। इस दौरान रात 10 बजे किसान दोनों वाहन मंडी परिसर में ही छोड़कर घर चले गए थे। इसके बाद सुबह जब किसान मौके पर पहुँचे तो उन्हें यह देखकर झटका लगा कि एक पिकअप वाहन गायब था औरदूसरे वाहन में मक्का की फसल नहीं थी।

यह देख किसान के होश उड़ गए, उसने सबसे पहले दूसरा वाहन तलाशा, जो मंडी परिसर से करीब 500 मीटर दूर दशहरा मैदान में मिल गया, लेकिन उसके अंदर रखी मक्का भी गायब हो चुकी थी। किसान रवि साहू ने तत्काल कैंट थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों को पकड़ने और चोरी गए मक्के को बरामद करने की मांग की है। किसान ने आरोप लगाया है कि मंडी प्रशासन ने कैमरे चैक किया, लेकिन कोई सहयोग नहीं मिला।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

भाग्यशाली विजेताओं के नाम

प्रथम पुरस्कार - (1 तोला, 5 नग) सोने का हार

01. सुशीला पति स्व. श्री दीनबंधू, पता- बैगाटोला ईटार, खैरागढ़ (छ.ग.),
02. बिमला बाई साहू, पति श्री राम आसरा साहू, पता – आबादी पारा खपरी, धमतरी (छ.ग.),
03. हेमकांति गौतम पिता – स्व. श्री त्रिलोचन विश्वकर्मा, पता – रायपुर (छ.ग.)
04. साक्षी निषाद पिता – श्री प्रकाश निषाद, पता – शंकर नगर हाउस न. 455 धांगरडीपा रायगढ़ (छ.ग.)
05. प्रीती पति श्री रामचरण, पता – ग्राम किरना पोस्ट पंडरभाटा मुंगेली (छ.ग.),

द्वितीय पुरस्कार - (1 स्कूटी, EV)

उमा साहू पिता श्री जगन्नाथ साहू
पता – हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जगदलपुर बस्तर (छ.ग.),

तृतीय पुरस्कार - (2 नग, रेफ्रीजरेटर)

01. प्रीतम कुमार साहू पिता स्व. श्री कुम्भकरण साहू
पता – मोहदी धरसीवां रायपुर (छ.ग.)
02. निधि अग्रवाल पिता – श्री रतन अग्रवाल
पता लाल कुंआ हनुमान ताल जबलपुर (म.प्र.)

चतुर्थ पुरस्कार - (3 नग, LED TV)

01. कौशल दास मानिकपुरी पिता – हीरा दास मानिकपुरी, पता - शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.)
02. चित्रलेखा महंत पति शंकर दास महंत, पता – नीचे मोहल्ला बेलाकछार बालको नगर कोरबा (छ.ग.)
03. सुखदेव पाटिल पिता स्व. श्री नत्थू पाटिल, पता न्यू बाग़ मुगलिया भोपाल (म.प्र.)

नियम शर्तें लागू*

1. भाग्यशाली पाठक कों अपना पहचान पत्र के साथ अखबार का वर्तमान मासिक बिल एवं जमा किये गए फार्मेट का ग्राहक प्रति लाना अनिवार्य हैं। 2. राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी नियम लागू होगा। 3. इस योजना के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगा। 4. हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 5. किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। 6. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## समाचार संक्षेप

### शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरोन में संयुक्त संचालक का निरीक्षण

**आरोन।** ग्वालियर के संयुक्त संचालक अशोक पवार ने शुक्रवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरोन, जिला गुना का वीडियो कॉल के माध्यम से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया और छात्राओं के शैक्षिक स्तर का आकलन किया। संयुक्त संचालक ने विभिन्न कक्षाओं में जाकर अंग्रेजी, गणित एवं अन्य विषयों के प्रश्न पूछे, जिसमें छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की और उत्कृष्ट उत्तर देने वाली छात्राओं को पैन एवं डायरी वितरण करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान विद्यालय की गतिविधियाँ सुचारू रूप से संचालित पाई गईं। संयुक्त संचालक ने विद्यालय के समस्त स्टाफ और प्राचार्य देवेश बाथम को विद्यालय को सुचारू एवं सफल रूप से संचालित करने के लिए शुभकामनाएं दीं।



### एस आईआर को लेकर हिरेंद्र सिंह बंटी बना की उपस्थिति में विस्तृत चर्चा

**आरोन।** भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक भाजपा कार्यालय पर संपन्न हुई बैठक का मुख्य उद्देश्य एस ए आर फॉर्म भरने प्रशिक्षण वर्ग की तैयारी तथा मतदाता सूची से जुड़े दायित्व पर विस्तृत चर्चा चर्चाके हुई एवं दिशा निर्देश कार्यकर्ताओं को दिए गए ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजगढ़ विधानसभा के प्रत्याशी रहे वीरेंद्र सिंह बंटी बना जी एवं अध्यक्षता मुनेश जैन मंडल अध्यक्ष द्वारा की गई ।विशेष स्थिति के रूप में विधानसभा प्रभारी देवेंद्र सिंह रघुवंशी एवं उपाध्यक्ष मंडल प्रभारी डॉक्टर राजीव सिंह राजावत रहे बैठक की शुरुआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय को पुष्पा माला पहन कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया । भारतीय जनता पार्टी मंडल के 57 पोलिंग पर बूथ प्रभारी बी एल ओ २ बूथ मंत्री बूथ अध्यक्ष को पोलिंग बूथ पर मतदाता सूची निरीक्षण में निर्वाचन आयोग का सहयोग करने एवं मतदाताओं के घर-घर जाकर फॉर्म भरने में आ रही समस्याओं का निदान करने का दायित्व सोपा गया । मंडल के 10 शक्ति केंद्र पर प्रभारी की नियुक्ति की गई है जो अपने शक्ति केंद्र की मॉनिटरिंग करेंगे एवं शक्ति केंद्र के अंतर्गत आने वाले पोलिंग बूथ केन्द्रों पर बीएलओ अपना को मार्गदर्शन देंगे । इस अफसर पर संजीव सोनी प्रमोद सक्सेना लखनपुरी सरोज शर्मा राधौगढ़ छगनलाल तिवारी राजवीर सिंह रघुवंशी पार्षद बृजेंद्र राजपूत पार्षद सोनू रघुवंशी पार्षद रामकुमार धाकड़ सरपंच रवि शंकर सेन सरपंच मस्त सिंह यादव सरपंच सुरजीत धाकड़ लखन धाकड़ अनीता जैन रामकन्या यादव वर्षा कुशवाहा श्रवण कुमार जैन विशाल खामोजा जयवर्धन परमार राकेश जैन रुस्तम खान दौलत खटीक रविंद्र धाकड़ गोविंद प्रसाद शर्मा राजेंद्र दुबे वकील सचिन सप्रे रामबाबू पाल रामलाल कुशवाहा लखन जाटव तोलाराम सिलावट हीरालाल बुनकर नीलम धाकड़ सरपंच संजीव साहू देवेंद्र शर्मा रामगोपाल शर्मा बबलू डॉ कैलाश रघुवंशी रामस्वरूप नामदेव विशाल सोनी पूरन लोधी शेखर सुमन मंच संचालन रविंद्र धाकड़ द्वारा किया गया।



## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा संपन्न

# गुना जिले से 7135 विद्यार्थियों ने शामिल होकर दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वादान में गायत्री शक्ति पीठ गुना द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन 21 नम्बवर को आयोजित की गई जिसमें पूरे जिले से पांचों तहसीलों में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा संपन्न कराई गई।

इस परीक्षा पूरे जिले से 153 परीक्षा केंद्र में कक्षा 5 से लेकर 12 तक आयोजित की जाती है जो पूरे भारत में 18 भाषाओं में आयोजित की जाती है भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक श्रीराम शर्मा ने बताया कि इस बार परीक्षा 21 नवंबर को आयोजित हुई । जिसमे गुना जिले से लगभग 7135 विद्यार्थी शामिल हुए। हिन्दी और अंग्रेजी में दोनों भाषा आयोजित की गई मध्यप्रदेश में एक साथ 12:00 बजे से 1:00 बजे, सभी स्कूल ० कालेज , कोचिंग सेंटर में आयोजित की गई परीक्षा ओ,एम,आर, सीट पर आयोजित की जाती है जिससे विद्यार्थियों को सीखने को और उनकी नॉलेज को बढ़ाया जाता है । भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा गायत्री परिवार गुना द्वारा संपन्न कराने का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति क्या, है भारतीय संस्कृति की रूपरेखा,भारतीय संस्कृति के उद्देश्य,गायत्री परिवार के मनमोहन शिवहरे ने कहा कि पूरे जिले से इस परीक्षा में जो छात्र छात्रा प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आते हैं उन छात्रों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाते है।



साथ ही संस्था को भी समानित किया जाता है ।इस परीक्षा में विशेष सहयोग में सभी तहसील के प्रभारी रामबाबू धाकड़ राधौगढ़,बैजनाथ धाकड़ कुंभराज , सी के यादव चाचौड़ा, प्राण सिंह धाकड़ बमौरी, यशपाल टंडेल आरोन,रविकुमार कुशवाह , मनमोहन शिवहरे गुना तहसील विशेष सहयोग में , आशुतोष शर्मा, वीरेंद्र चंदेल, अशोक शर्मा, सुरेन्द्र प्रजापति , कविता सोनी, गीता योगी, उमा शर्मा , लीला रजक, भावना परासर , स्मिता शर्मा ,आदि ओर परीक्षा सम्पन्न में सभी स्कूलों के प्रचार्य एव शिक्षक का विशेष योगदान रहा है । भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा कार्यालय द्वारा सफल जीवन की दिशा धारा मार्ग दर्शिका पुस्तक नि शुल्क छात्रों को दी गई यह परीक्षा का वर्ष 1995 से लेकर आयोजित की जा रही है जिसमें संपूर्ण देश से 150 लाख विद्यार्थी सम्मिलित होते है यह परीक्षा विश्व स्तरीय रूप में बच्चों का मार्गदर्शन कर रही है इस परीक्षा का ध्येय वाक्य है अध्यापक है युग निर्माता ,छात्र राष्ट्र के भाग्य विधाता।

## कायस्थ समाज के पूर्व अध्यक्ष की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

स्व रंगेश श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का कार्यक्रम आयोजित किया गया । कायस्थ समाज ने पुष्पांजलि के साथ उनके किए गए कार्यों को याद किया । कायस्थ समाज गुना एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्य भारत जिला गुना एवं विश्व कायस्थ मा परिवार एवं अन्य कायस्थ संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में पूर्व अध्यक्ष स्व. रंगेश जी श्रीवास्तव की प्रथम पुण्यतिथि तिथि पर भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर के स्वामी विवेकानंद सभागार में भारी संख्या में उपस्थित होकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया । उनके द्वारा 1980 से श्री चित्रगुप्त मंदिर मंदिर एवं कायस्थ समाज गुना को संगठित करने में उनकी अहम भूमिका रही । उपस्थित प्रबुद्ध जनों ने उनके बारे में कई संस्मरण सुनाएं एवं उनके असमय निधन से कायस्थ समाज एवं सभी राजनीतिक सर्व समाज के लोगों को क्षति हुई है । उनके द्वारा अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए अध्यक्ष बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं पंकज सक्सेना द्वारा उपस्थित प्रबुद्ध जनों एवं कायस्थ समाज के सक्रिय कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया। सभी ने एक मत होकर कायस्थ एकता के लिए एवं कायस्थ समाज के उन्नयन विकास कायस्थ समाज परिवार सर्वे जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने हेतु संकल्प लिया । श्रद्धांजलि सभा आयोजन में शैलेंद्र श्रीवास्तव द्वारा मंच संचालन किया गया एवं आभार राजेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## गीता जयंती महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की, कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

आगामी 1 दिसम्बर को माडर्न चिल्ड्रन हायर सेकेंडरी स्कूल, गुना में आयोजित होने वाले गीता जयंती महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा हेतु आज जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने की।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत शअभिषेक दुबे, प्रमुख सीएमओ स मंजुषा खत्री, डीईओ राजेश गोयल, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग बी.सिसोदिया सहित विश्व गीता प्रतिष्ठानम्‍ के प्रतिनिधि हरिदत्त शर्मा, सतीश चतुर्वेदी, साकेत रघुवंशी, सुधीर सक्सेना, वीरेन्द्र भार्गव, हेमलता सक्सेना, सश्वेता अरोरा, अंकित पांडे एवं रामस्वरूप सेन उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री कन्याल ने बताया कि जिलास्तरीय गीता जयंती महोत्सव का आयोजन 01 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा, जिसमें 1200 से अधिक विद्यार्थी सहभागिता करेंगे।

उन्होंने सभी संबंधित विभागों को कार्यक्रम स्थल पर पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, परिवहन प्रबंधन को समयपूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त वॉलंटियर्स की सुव्यवस्थित तैनाती, कार्यक्रम की कार्यात्मक व्यवस्था तथा महोत्सव के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु नगर पालिका को सफाई वाहन के माध्यम से एनाउंसमेंट कराने के निर्देश भी दिये गये। कलेक्टर श्री कन्याल ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कार्यक्रम को भव्य, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय रूप से आयोजित किया जाए तथा सभी तैयारियां समय पर पूर्ण की जाएं।

# नागरिक सहकारी बैंक के तत्वावधान में 72वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 एवं 72वॉ अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का समापन गुना नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित गुना के तत्वावधान में एक कार्यक्रम के रूप में एक निजी होटल में सम्पन्न हुआ । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, विशेष अतिथि मुकेश जैन उप आयुक्त सहकारिता व विशिष्ट अतिथि कमल मकाश्रे मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीसीबी गुना ने की । कार्यक्रम की अध्यक्षता अमित सौगानी, अध्यक्ष, गुना नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित गुना द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन व वन्दे मातरम राष्ट्रीय गीत, एवं सहकारी गीत के गायन से किया गया। कार्यक्रम मे गुना नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित गुना का 25 वर्ष का सफर एवं बैंक की सफलता पर प्रिजेटेंशन के माध्यम से सभी को अवगत कराया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये गुना नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष अमित सौगानी ने बैक द्वारा प्रदाय की जा रही सुविधाऐं, एफडी पर अधिकतम ब्याज,बैंक द्वारा जारी एटीएम कार्ड, एनईएफटी, एवं जिले मे नई शाखा खोलने पर जानकारी दी । साथ ही श्री सौगानी ने चीन के विकास में सहकारिता के विशेष योगदान की जानकारी सभी को अपने उद्बोधन में दी ।इस गौरान्वित हर्षोल्लास पूर्ण कार्यक्रम के साथ 72वॉ अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि मुकेश जैन ने अपने संबोधन में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारी वर्ष 2025 एवं 72वॉ अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह 14 नवम्बर से 20 नवम्बर 2025 में चलाये गये सहकारी प्रचार-प्रसार वाहन गुना, एवं अशोकनगर जिले मे भ्रमण करते हुये नवाचार, सोसायटी को आत्मनिर्भर, डिजिटलीकरण, मॉडल पैक्स, दुग्ध, मत्स्य समितियों की नवीन वार्यलाज, सहकार से समृद्धि पहल एवं योजनाओ का प्रचार-प्रसार किया गया है।





## पुरुष नसबंदी पखवाड़ा को लेकर जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

**अशोकनगर।** परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत पुरूष नसबंदी पखवाडा माह के दौरान पुरूषों की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से जिले में पुरूष नसबंदी पखवाडा 21 नबम्बर से 04 दिसम्बर तक आयोजित किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा बताया गया कि परिवार कल्याण कार्यक्रम भारत शासन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण नीतिगति, गतिविधि है। भारत की पारंपरिक संरचना में अभी भी परिवार नियोजन का दायित्व मुख्यतः महिलाओं पर अविलंबित है। पुरूष नसबंदी पखवाडा की थीम है। आज ही शुरूआत करे पति-पत्नि मिलकर परिवार नियोजन की बात करे पुरूष नसबंदी पखवाडे का आयोजन 02 चरणों में किया जा रहा है। प्रथम चरण में मोबिलाईजेशन एवं सामाजिक जागरूकता की गतिविधियां 21 से 27 नवम्बर तक और द्वितीय चरण सेवा प्रदायगी 28 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक आयोजित किया जायेगा। अभियान का शुभारंभ परिवार कल्याण कार्यक्रम रथ को हरी झंडी दिखाते हुये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला परिवार कल्याण कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किया गया।

## दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा बुद्ध धम्म संदेश रैली 2025 निकाली जाएगी

**अशोकनगर।** जिला अशोकनगर के सभी उपासक उपासिकाओं को सूचित किया जाता है कि दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा शनिवार को नागपुर से चंदेरी में बुद्ध धम्म संदेश रैली 2025 आ रही है। जिसकी अगवानी के लिए सभी उपासक उपासिकाएं प्राथमिक विद्यालय हर कुंड बायपास रोड के पास चंदेरी में शाम 4:00 बजे उपस्थित रहेगें। यहां से यह धम्म संदेश रैली रामनगर तिराहा, इंदिरा पार्क, डोलिया दरवाजा, दिल्ली दरवाजा, सरकारी अस्पताल, बोधिसत्व विश्व रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर पार्क, माधव कालेज होते हुए चंद्रोदय बुद्ध विहार बायपास रोड चंदेरी में पहुंचकर बुद्ध धम्म संदेश रैली का स्वागत किया जाएगा । जिसके मुख्य अतिथि केशव सोम कुंवर नागपुर विशिष्ट अतिथि रविंद्र बांगरे, देवानंद वानखेड़े ,बाबाजी सोम कुंवर, राहुल बहाने नागपुर, प्रकाश चंद्र बौद्ध प्रदेश सचिव दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया मध्यप्रदेश होंगे। सभी उपासक उपासिकाऐं अपनी मोटर साइकिल (बाइक) साथ में लेकर आए क्योंकि यह रैली बाइक रैली होगी। जधम्म संदेश रैली 2025 शनिवार को समय दोपहर 12 बजे अशोक नगर पहुंचेगी और शाम को 4बजे चंदेरी पहुंचेगी।

### राज्य शिक्षक उत्थान संघ ने बीएलओ के कार्य से शिक्षकों को मुक्त रखने की मांग की

**अशोकनगर।** राज्य शिक्षक उत्थान संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्रसिंह रघुवंशी ने निर्वाचन आयोग से मांग की है कि मध्यप्रदेश सहित देश भर में शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी से मुक्त रखा जाए। शिक्षकों का मूल कार्य अध्यापन कराना है। उनसे अन्य कार्य न लिए जाएं बीएलओ ड्यूटी से मुक्त रहकर भी वे सहर्ष चुनाव कराएंगे ही । साथ ही देश भर के प्रशासन से अपील है कि वह बीएलओ सहित किसी भी शासकीय कार्य में लगे। शिक्षकों को बिल्कुल भी प्रताड़ति न किया जाए। उम्मीद है कि शिक्षकों की इस जरूरी संवेदनशील और मानवीय आवाज़ को सुना जाएगा।

## निरुद्ध बंदियों के बीच गीता के गुणत्रय विभाग योग का स्वाध्याय किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जन अभियान परिषद ब्लॉक अशोकनगर की नवांकुर संस्था श्री युगल सरकार श्रीमद् भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति अशोकनगर ने जिला जेल में निरुद्ध बंदियों के बीच गीता जी के चैदहवे अध्याय गुणत्रय विभाग योग का स्वाध्याय किया गया।

सर्वप्रथम जिला जेल अधीक्षक ललित कुमार दीक्षित एवं जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्जलन कर पूजन किया। समिति के स्वाध्याय पत्रक सभी निरुद्ध बंदियों को भेंट किए गए और उसी अनुसार स्वाध्याय में विजय रथ, नवधा भक्ति की चैपाइयों का सामूहिक वाचन किया गया। स्वाध्याय में सत्व गुण, रजोगुण, तमोगुण के व्याख्या करते हुए गीताव्रती रामबली आर्य ने कहा गया कि अध्याय 14 श्लोक 5 में भगवान कहते हैं हे अर्जुन सत्त्वगुण, रजोगुण और तमोगुण यह प्रकृति से उत्पन्न तीनों गुण अविनाशी जीवात्मा को शरीर में बाँधते हैं।



श्लोक 9 में कहते हैं सत्त्वगुण सुख में लगाता है और रजोगुण कर्म में तथा तमोगुण तो ज्ञान को ढंककर प्रमाद में भी लगाता है। श्लोक 18 में कहते हैं सत्त्वगुण में स्थित पुरुष स्वर्गादि उच्च लोकों को जाते हैं,रजोगुण में स्थित राजस पुरुष मध्य में अर्थात मनुष्य लोक में ही रहते हैं और तमोगुण के कार्यरूप निद्रा, प्रमाद और आलस्यादि में स्थित तामस पुरुष अधोगति को अर्थात कीट, पशु आदि नीच योनियों को तथा नरकों को प्राप्त होते हैं। स्वाध्याय पश्चात युगल महामंत्र का सामूहिक उच्चारण बलवीर सिंह रांवसर ने कराया। रमन कुमार शर्मा, लाखन सिंह सहोदरी, देवेंद्र यादव डोंगर के साथ ही शिक्षक हरि सिंह कुशवाह आदि उपस्थित रहे।

## एसआईआर अंतर्गत गणनों पत्रकों के कार्य का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 2026 कार्य जारी है। कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा अशोकनगर विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर के नगरपालिका अशोकनगर क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्र नगरपालिका, बोहरे कॉलोनी, तुलसी कॉलोनी पहुंचकर गणना पत्रों का वितरण, एकत्रीकरण एवं डिजिटलाइजेशन के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। इसी प्रकार अशोकनगर 032 विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के मतदान केंद्र जमाखेड़ी, बमुरियाफूट, लखेरी बसारती, रिजौदा,पिपनावदा, भडूली का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्र पहुंचकर गणना पत्रों का वितरण, एकत्रीकरण एवं डिजिटलाइजेशन के संबंध में जानकारी ली। साथ ही गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन 23 नवंबर तक पूर्ण किए जाने के निर्देश बीएलओ को दिए।



### जिला निर्वाचन कार्यालय का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

अशोकनगर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्य जारी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसआईआर कार्य की मॉनीटरिंग की जानकारी ली। साथ ही गणना पत्रकों के डिजिटलाइजेशन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि गणना पत्रकों के डिजिटलाइजेशन की हर दो घंटे में रिपोर्ट भेजे जाने के निर्देश दिए।



# कलेक्टर द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

**अशोकनगर जिले की सीमा के अंदर लागू रहेगा**

पुलिस अधीक्षक जिला अशोकनगर के प्रतिवेदन पर आगामी समय में सम्पूर्ण जिले के विभिन्न सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक इत्यादि कार्यक्रमों के दौरान विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर), यूट्यब, वाट्सएप आदि) पर आपत्तिजनक, भड़काऊ, साम्प्रदायिक सौहार्द्र को बाधित करने वाली एवं अफवाह फैलाने वाली सामग्री के प्रसारित करने से लोक व्यवस्था एवं शांति भंग करने की प्रबल संभावनाए उत्पन्न हो सकती है। ऐसी संभावना को दृष्टिगत रखते हुये जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत आदेश पारित करने की आवश्यकता है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आदित्य सिंह द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, जनसामान्य के हित, लोक शांति तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है।

जारी आदेशानुसार अशोकनगर जिले की सीमा के अंदर किसी भी समुदाय के व्यक्ति या समूह द्वारा दूसरे समुदाय की भावनाओं के विपरीत ऐसा कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जावे, जिससे शांति भंग होने की आशंका हो। अशोकनगर जिले की सीमा के अंदर किसी भी समुदाय या व्यक्ति द्वारा अन्य समुदाय के धार्मिक भावनाओं के विरूद्ध किसी प्रकार का उत्तेजनात्मक भाषण नहीं दिया जायेगा और न ही सोशल मीडिया के माध्यम से गलत सूचना एवं अफवाहें फैलाई जायेगी। अशोकनगर जिले की सीमा के अंदर कोई भी व्यक्ति समूह, संस्था द्वारा ऐसा कोई अनुचित मुद्रण/प्रकाशन नहीं किया जावे, जिससे साम्प्रदायिक तनाव अथवा समुदायों के बीच वैमनस्यता उत्पन्न हो। कोई भी व्यक्ति मौखिक या लिखित इलेक्ट्रोनिक या सोशल मीडिया के माध्यम से गलत सूचना व ऐसी अफवाहें नहीं फैलायेगा, जिससे शांति भंग होने की आशंका हो और न ही सोशल मीडिया पर किसी प्रकार का ऐसा धार्मिक शब्द या प्रतीक चिन्ह का प्रयोग करेगा, जिससे किसी भी समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे अथवा समाज में विद्वेष की भावना जाग्रत हो।

सोशल मीडिया पर ग्रुप एडमिन का उत्तरदायित्व होगा कि ग्रुप से जुडा कोई भी व्यक्ति भडकाऊ अथवा अफवाह फैलाने संबंधित कोई पोस्ट नहीं करे। सोशल मीडिया पर ऐसी कोई पोस्ट नहीं डालेंगे, जिससे किसी राजनैतिक दल में प्रभाव रखने वाले व्यक्ति को व्यक्तिगत अथवा सामूहिक क्षति हो। यदि कोई व्यक्ति ऐसा पोस्ट करता है, तो ग्रुप एडमिन उसको तत्काल डिलीट कराते हुये संबंधित व्यक्ति को ग्रुप से बाहर करेगा और स्थानीय पुलिस को संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध सूचित भी करेगा। अनुमति लेकर किये जाने वाले आंदोलन, सभा, गोष्ठी आदि के दौरान काले झण्डे, काले कपडे पहनकर, पुतला दहन करने अथवा भडकाऊ नारे लगाकर सार्वजनिक रूप से विरोध नहीं किया जावेगा। किसी भी व्यक्ति, समूह द्वारा समुदाय विशेष की दृश्य श्रव्य माध्यमों से उसके मौलिक अधिकारों में यदि बाधा उत्पन्न करता है तो वह व्यक्ति, समूह इस आदेश के अधीन रहेगा। इस आदेश का उल्लघंन करने वाले व्यक्ति/संगठन/संस्था/समूह के विरूद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए

**अशोकनगर।** जिले में सडक दुर्घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गए है जिसमें जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम लखेरी बसारती निवासी सोनी यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात टीवीएस बाईक के चालक ने नई मण्डी के सामने अपनी बाईक को तेजी और लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी। जिले के देहात थाने के अंतर्गत अनीता अहिरवार निवासी चंदेरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है अज्ञात सफेद रंग की बुलेरो कार ने उसकी बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### अवैध शराब के अनेक प्रकरण किए पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिसमें जिले की ईसागढ पुलिस ने भगवान पुर निवासी गुरमेंज सिक्ख के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के देहात थाने की पुलिस ने सतनाम सिंह सिक्ख निवासी सेमरखेडी के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### 55 वर्षीय ग्रामीण की हुई रेल से कटकर मौत

**अशोकनगर।** स्थानीय नौघरा कॉलोनी के पास रेलवे लाईन पर एक व्यक्ति का शव कोतवाली पुलिस ने बरामद किया है जिसकी पहचान सालीग्राम पुत्र अजीत सिंह कुशवाह उम्र 55 साल निवासी ग्राम सहोदरी के रूप में की गई है। वर्तमान में वह यादव कॉलोनी अशोकनगर में रहता था। घटना स्थल पर एक साईकिल भी मिली है बताया गया है कि वह चाट की दुकान लगाता था, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दियाधरी नि. जितेन्द्र लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राहुल, रणवीर, सत्यवीर, और सुखवती लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बमुरिया नई नि. राकेश बाल्मीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संतोष बाल्मीक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फुटेरा निवासी राजेश अरिहवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रमेश और सुरेन्द्र केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अज्ञात व्यक्ति ने रेल से कटकर आत्म हत्या की

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत गुन्हेरू बामौरी पिपरई गांव स्टेशन पर पोल क्रमांक 1019/04 पर कोई अज्ञात व्यक्ति वहां से निकल रही ट्रेन के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

---

### एक मंच पर पहली बार 14 दीक्षाएं मुनिश्री सुधासागर के द्वारा दी जाएंगी

# थूवोनजी में 23 नबंवर जैनेश्वरी दीक्षाओं के लिए लिखेगा 12 ब्रम्हचारी भैया के साथ ही छुल्लक भी लेंगे दीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अंचल के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी में एक हजार वर्ष के बाद परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के द्वारा एक नया इतिहास लिखा जा रहा है। इस नए इतिहास के साक्षी हजारों लोग होगें जब मुनि श्री सुधासागर जी महाराज 14 दीक्षाएं एक साथ प्रदान करेगें। यह पल थूवोनजी की धरा पर एक नया इतिहास रचेगा। दीक्षा लेने वाले ब्रम्हचारी भैया के जीवन में भी थूवोनजी हमेशा उनके मुनि जीवन के लिए हमेशा यादगार रहेगा।

विजय धुर्रा जैन समाज अशोकनगर के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि सैकड़ों वर्षो के बाद अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है जब निर्यापकाचार्य मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज संघ में विद्यमान क्षुल्लक श्री वरिष्ठसागर जी महाराज एवं क्षुल्लक श्री विदेह सागर जी महाराज को सबसे पहले जैनेश्वरी दीक्षा प्रदान करेंगे। इस हेतु दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी सभी प्रकार की अति भव्य तैयारियों में जुट गया है। दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र रोकड़यि संजीव श्रागर धर्मेन्द्र रोकड़यि संजीव जैन महामंत्री मनोज भैसरवास कोषाध्यक्ष प्रमोद मंगल दीप मंत्री शैलेन्द्र दददा राजेन्द्र हलवाई प्रदीप रानी जैन अनिल बंसल डॉ जितेन्द्र जैन प्रचार मंत्री विजय धुर्रा मिडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडीटर अक्षय अमरोद समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद सहित प्रमुख जनों ने सभी से उपस्थित रहने का निवेदन किया है।

इस दौरान मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने कहा कि विश्वास किसी पर करना नहीं और विश्वास के बिना जिंदगी चलने वाली नही है। तब परस्पर दो विरोधी तत्व विद्यमान रहते हैं तब अनेकता धर्म की ओर हमें ध्यान देना होगा। एक नैमैतिक विरोध होता रहा एक त्रिकाली विरोध होता है यहां तक कि आपातकाल भी कोई और नहीं कर सकता। जैसे आंख का काम कान नहीं कर सकते चाहे आपको दिखे या न दिखे जैसे ज्ञान का काम दर्शन नहीं कर सकता दर्शन का काम ज्ञान नहीं कर सकते। यह एक होते हुए भी परस्पर विरोधी है सर्द वाद के माध्यम से सारी व्यवस्था बनी है ऐसे ही जिंदगी में बहुत सारी व्यवस्था बनी है परस्पर विरोधी एक सुख देता है एक दुःख देता है एक लाभ एक हानि पहुंचता रहता है। आप लाख सोचते रहे असाता साता में बदल जाये नहीं हो सकता हमें असाता यानी दुःख में भी दुखी नहीं होना है। सुख समझना साधु पुण्य का उदय भोगना नहीं चाहता उसे विष के समान दिखाई देता है वह अपनी साधना से इन भोगों से विरक्त हो जाता है ज्ञानी कहता है यह विष मिश्रत पकवान है।





**यह ब्रम्हचारी भैया लेंगें जैनेश्वरी दीक्षा** 1 अक्षय जैन पिता का नाम अशोक जैन, माता अनीता जैन भाइ अभिषेक,बहन अनुश्री, जन्मतिथि 11/10/1998, स्थान अभाना जिला दमोह (मऊ) शिक्षा-बीए शास्त्री, बीएड- विद्वान अक्षय शास्त्री सांगानेर (2015-2020) शिक्षा स्थान श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर एवं भी दिगम्बर जैन आचार्य कॉलेज सांगानेर,पूर्व व्रत-26 अप्रैल 2025 पटेरा, जिला दमोह निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधा सागर संघ प्रवेश 10 मई 2025 (अक्षय तृतीया) दमोह।

2 अतिशय जैन पिता जिनेन्द्र कुमार जैन माता वन्दना जैन बहन स्तुति जैन,रचित जैन भाई अज्ञत जैन जन्म दिनांक 9/6/2002, जन्म स्थान सागर मध्य प्रदेश) शिक्षा बीए संस्कृत, एमए आचार्य (सिद्धान्त्र शास्त्री श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर , प्रतिष्ठाचार्य सांगानेर जयपुर, 2018-2023) शिक्षक महावीर पब्लिक स्कूल जयपुर। बाल ब्रह्मचारी विद्यासागर महाराज 2014 विदिशा 3 महीना का हुआ। पूर्ण व्रत-निर्यापक श्रमण मुनिश्री सुधासागर की प्रेरणा और आशीर्वाद से, संघ में प्रवेश।

3 नाम अक्षय मनोरिया जन्म स्थान ललितपुर (उ.प्र.) जन्म तारीख 15/05/1983 अक्षय पिता राकेश मनोरिया, माता आशा मनोरिया, परिवार बने दो बड़े भाई,1 विकास मानोरिया (बैंगलोर) 2 विक्रम मानोरिया गुड़गाँव),छोटाभाई विक्रम मानोरिया, श्री विद्यासागर जी महाराज जी से संघ प्रवेश 8 जुलाई 2024 (कटरा-बजार सागर)

4 कमलेश कुमार जैन पिता का नाम टीकमचन्द जैन माता का नाम विद्या देवी जैन,भाई (बड़े) 2 राकेश जैन, मुकेश जैन बहिन पिंकी जैन,जन्म स्थान घूँघनरी (जन्म केकड़ी में हुआ) जन्म 10-02-1987 पता ग्राम घूँघनरी, तहसील केकड़ी, जिला- अजमेर। 12 साल अध्यापक के पद पर पदस्थ रहे।

5 आशु जैन जन्म स्थान जबलपुर (म.प्र.) जन्म 26.06.1999 पिता नेमचंद जैन माता देवी जैन परिवार में बड़ा भाई शुभम जैन शिक्षा व्यवसाय संघ प्रवेश 19 अगस्त 2024 सागर भाग्योदय तीर्थ

6 अंकुर जैन जन्म स्थान धुबड़ी, आसाम जन्म-05/02/1993 माता संगीता जैन पिता-पवन कुमार जैन बहन-सुरभी जैन भाई-अतीश जैन शिक्षा सिविल इंजीनियर नौकरी फेडरल बैंक में 3 साल (2015-2017 भारत सरकार, रक्षा लेखा विभाग, 6 साल रक्षा मंत्रालय (जल) (2018-2024) आजीवन व्रत 17 अगस्त 2024 संघ प्रवेश- 04 सितंबर 2024 सागर, भाग्योदय।

7 नाम मोनू जैन जन्म स्थान चरगवाँ (जबलपुर (म०प्र०) जन्म 15/06/1986 माता मुन्नी जैन पिता विजय कुमार जैन बहन सीमा जैन भाई संघस्थ सोनू, जितेन्द्र जैन ज्योत शिक्षा सांगानेर से शास्त्री बीए संस्कृत से आचार्य एमए एमएडी बीएड सूरत गुजरात से सीए व्यवसाय-सीए जबलपुर।

8 सोनू जैन जन्म स्थान जबलपुर म.प्र. जन्म 05/06/1985 माता गुन्नी जैन पिता विजय कुमार जैन बहन स्वर्गिय, सीमा जैन भाई मोनु जैन जतेन्द्र कुमार जैन ज्योति जैन, पारस, पर्वशिक्षा बीए एमएमए (हिन्दी अंग्रेजी) व्यवसाय शासकीय स्कूल मे शिक्षक, 2004 - 2024 वर्षो तक आचार्य श्री के आर्शिवाद से-विद्या कोचिंग क्लास तक की शिक्षा विशेषता जिसमे गरीब बच्चो को 12 तक सभी विषयों में निशुल्क शिक्षा दी।

9 सयंम जैन जन्म स्थान अहमदाबाद गुजरात जन्म 21/10/2000 पिता संदीप कुमार जैन माता मोनिका जैन शिक्षा बीटेक (मिकेनीकल इंजिनीयर) व्यवसाय-टाटा मोटर में जूनियर इंजीनियर (2019-2022) तक

10 अंकित जैन पिता अनिल कुमार जैन माता सुषमा जैन भाई डॉ. सौरभ जैन डॉ शिवम्-जैन बहिन आकांक्षा जैन। शिक्षा एमबीबीएस (मेडीकल ऑफिसर। निवास बांदरी (जिला-सागर) जन्म दिनांक 13/12/1990,

11 सुयश जैन पिता वीरेन्द्र कुमार जैन माता शिमला जैन भाई डॉ यश जैन भाभी अनुष्का जैन बहिन प्रऋषिका जैन शिक्षा बीएससी, पीएसएम,व्यवसाय जैन ट्रेडर्स राहतगढ़ आजीवन व्रत 7 दिसम्बर 20 (सागर मोरा जी) संघ प्रवेश 14 फरवरी 2028 (कटनी) सात त्प्रतिमा 18 फरवरी 2025 निवास राहतगढ़ जिला-सागर।

12 राहुल जैन जन्म 29 जून 1993 जन्म स्थान अम्बापुरा तहसील मालपुरा जिला टोंक राजस्थान। शिक्षा बीए कार्य मेडिकल पिता हरिशंकर जैन माता ममता जैन बहन रेणू जैन गौरव जैन (टोंक) रूपा जैन (नानी कैलाश जैन मामा दो प्रतिमा के ब्रत आचार्य श्री.विद्यासागर जी महाराज में २२ सितम्बर 2018 खजुराहो आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत जगतपुज्य निर्मापक श्रमण मुनि पुंगव 108 श्री सुधासागर को दीक्षा प्रदान की जाएगी।

### दीक्षा पूर्व पाश्र्वनाथ जैन मंदिर से बिनौली यात्रा व गोद भराई



**अशोकनगर।** आगामी 23 नबंवर को थूवोनजी में जैनेश्वरी दीक्षाओं का आयोजन पुंगव मुनि सुधासागर जी महाराज के द्वारा किया जा रहा है। जिसे लेकर स्थानीय पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पर पूरे दिन ब्रम्हचारी भैया के जैनेश्वरी दीक्षा लेने से पहले हाथों में मेहंदी रचाई गई पूरे दिन गोद भराई का कार्यक्रम चलता रहा। शाम की अवधि में भव्य बिनौली यात्रा निकाली गई। यह यात्रा शहर के अनेक मार्गों से होकर निकली और सुभाषगंज में इसका समापन हुआ। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं को गोद भराई के कार्यक्रम में भाग लेते हुए देखा गया। अशोकनगर में यह अदभुत क्षण पहली बार देखने को मिल रहे हैं। इस दीक्षा कार्यक्रम को लेकर लोगों में अपार उत्साह है।

---

# नशे में नवीन कृषि उपज मंडी में ट्रैक्टर टोचन कर स्टंट करने वाला गिरफ्त में, ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

विगत दिनों से नवीन कृषि उपज मण्डी अशोकनगर में फसल बेंचने के लिये ट्रेक्टर ट्राली से आये किसानों एवं आम जनता के द्वारा ट्रेक्टर से स्टंट कर अव्यवस्था फैलाने वाले असामाजिक तत्वों की शिकायतें प्राप्त हो रही थी। शिकायतों की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी देहात को नवीन कृषि उपज मण्डी अशोकनगर में स्टंटबाज आसामाजिक तत्वों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था।

उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा द्वारा नवीन कृषि उपज मण्डी अशोकनगर में ट्रेक्टर ट्राली की काफी भीड भाड होने से व्यवस्था करने हेतु एवं स्टंटबाज आसामाजिक तत्वों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु प्रतिदिन टीम को रवाना किया जा रहा था। इसी क्रम में 20 नबंवर को नवीन कृषि उपज मण्डी अशोकनगर में ट्रेक्टर ट्राली की



काफी भीड भाड होने से व्यवस्था करने हेतु टीम पहुंची देखा तो एक व्यक्ति शराब के नशे में अपने ट्रेक्टर को तेज गति से चलाकर स्टंटवाजी करते दिखा, जिसके कारण मंडी मे ट्रेक्टर चालको की भगदड मच गई तभी पुलिस टीम द्वारा ट्रेक्टर चालक को रोककर उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम अभिषेक कटारिया पुत्र चंद्रभान सिंह कटारिया उम्र 22 साल निवासी बांसखेडी थाना पिपरई जिला अशोकनगर का होना बताया। उक्त व्यक्ति को मौके पर काफी समझाया लेकिन वह और उत्तेजित होकर आम जनता के लोगो को शराब के नशे में गाली गलौच करने लगा। संज्ञेय अपराध घटित होने से रोकने हेतु उक्त व्यक्ति की गिरफ्तारी के सिवाय अन्य कोई विकल्प न होने से मौके पर समक्ष पंचान उक्त व्यक्ति को धारा 170, 126,135(3) बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया ट्रेक्टर चालक शराब के नशे में होने से चालक अभिषेक कटारिया का मेडीकल परीक्षण कराकर अन्तर्गत धारा 185, 184, 132/177 ,119/177, 130/177(1), 189, 146/196 मोटर व्हीकल एक्ट मे ट्रेक्टर को जप्त किया गया। बाद अरोपी को एसडीएम कोर्ट के समक्ष पेश किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी देहात उनि. भुवनेश शर्मा, उनि. सुमन किशोर लकडा, प्रआर. सूरज हर्षाना, प्रआर. अनूप, प्र.आर. शैलेंद्र, प्र.आर. भूपेंद्र की सराहनीय भूमिका रही।

---

# नारी शक्ति, वीरता और छात्रा नेतृत्व को समर्पित 'शौर्यांजलि' का आयोजन किया

**अशोकनगर।** मुंगावली में नारी शक्ति, वीरता और छात्रा नेतृत्व को समर्पित भव्य कार्यक्रम "शौर्यांजलि" का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ८00 से अधिक छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की, जिससे पूरा परिसर प्रेरणा, ऊर्जा और उत्साह के वातावरण से भर गया। इस गरिमामय आयोजन में मुख्य रूप से संयोजक ज्ञानालय परिवार अर्जुन यादव, नगर परिषद अध्यक्ष नरेश ग्वाल,भाग संयोजक आयुष यादव उपस्थित रहे।

अर्जुन यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा "हम सभी को अपने जीवन में रानी लक्ष्मीबाई के साहस, त्याग और नेतृत्व से प्रेरणा लेते हुए वर्तमान परिस्थितियों को समझना चाहिए। आज की छात्राओं में भी वही शक्ति और क्षमता है जो झांसी की रानी में थीकृ बस उसे पहचानने और सही दिशा में आगे बढ़ने की आवश्यकता है।" नरेश ग्वाल ने इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की विचारधारा, कार्यशैली, छात्र हित कार्यों और युवा नेतृत्व निर्माण की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद सदैव राष्ट्र निर्माण के पथ पर युवा शक्ति को संगठित करने के लिए




समर्पित है। इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद, अशोकनगर जिले के जिला संयोजक अमन रघुवंशी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही, मुंगावली नगर के सभी कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में रानी लक्ष्मीबाई थीम पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी आयोजित की गईं, जिन्होंने सभी छात्राओं और अतिथियों को प्रेरित किया। "शौर्यांजलि" कार्यक्रम उत्साह, अनुशासन और प्रेरक माहौल में सम्पन्न हुआ तथा मुंगावली में यह आयोजन एक सफल, प्रभावशाली और यादगार दिवस के रूप में स्थापित हुआ।

---

# निलंबित लाइसेंस को जमा करने के लिए नोटिस चस्पा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने, आपराधिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा शस्त्र लाइसेंस के दुरुपयोग पर रोक लगाने हेतु सतत कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी क्रम में 17 नबंवर को जिला दण्डाधिकारी अशोकनगर द्वारा आपराधिक गतिविधियों में लिप्त शस्त्र लायसेंसी आजाद खान पुत्र अलीम खान, निवासी ग्राम कोलुआ थाना देहात, हाल निवासी आजाद मोहल्ला थाना कोतवाली अशोकनगर के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनका आम्र्स लायसेंस जिस पर एक पिस्टल.32 बोर दर्ज है, निलंबित किया गया था तथा उक्त शस्त्र को तत्काल संबंधित थाने में जमा कराने के आदेश जारी किए गए थे। किन्तु, शस्त्र लायसेंसी आजाद खान द्वारा निलंबित शस्त्र लायसेंस पर दर्ज पिस्टल,32 बोर थाने में जमा नहीं की गई। इस पर थाना प्रभारी देहात उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा द्वारा नियमों के पालन हेतु आजाद खान के ग्राम कोलुआ रोड स्थित फार्म हाउस तथा आजाद मोहल्ला स्थित आवास पर नोटिस



चस्पा कर निर्देशित किया गया कि आजाद खान 02 दिवस के भीतर अपने निलंबित शस्त्र लाइसेंस पर दर्ज पिस्टल,32 बोर को थाने में जमा कराएँ। अन्यथा उनके विरुद्ध आम्र्स एक्ट के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि शस्त्र लाइसेंस का दुरुपयोग, अपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता अथवा प्रशासनिक आदेशों की अवहेलना किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जावेगी। जिले में कानून- व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने हेतु ऐसे मामलों में सख्त और त्वरित कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

---

### सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एकता पद यात्रा का आयोजन हुआ

# सड़कों पर आमजन, अधिकारी व राजनैतिक प्रतिनिधि चले पैदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एकता पद यात्रा का आयोजन किया गया। इस प यात्रा में शहर के जनप्रतिनिधि, कलेक्टर, अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और आमजन हिस्सा बने। इसकी शुरूआत अम्बेडकर भवन अशोकनगर से की गई। एकता पद यात्रा का शुभारंभ कलेक्टर आदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, पूर्व विधायक जजपाल सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण तथा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् गायन के साथ किया गया।

**शहर में स्थापित होगी सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा** एकता पदयात्रा कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि आज हम सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती मना रहे है। सरदार वल्लभ भाई पटेल देश के पहले गृह मंत्री रहे है। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी एवं प्रकाशन को अवश्य पड़े। पटेल जी को लौह पुरूष की उपाधि प्रदान की गई। उनका जन्म गुजरात में हुआ था। उन्होंने कहा कि अशोकनगर में भी सरदार वल्लभ भाई की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।जिससे एक







संदेश जिले के लोगों तक पहुंच सके। किस तरह सरदार वल्लभ भाई पटेल ने स्वतंत्रता के बाद देश को अखण्ड भारत बनाने में अपनी भूमिका निभाई।स्वतंत्रता के बाद भी देश की 562 रियासतों को एक कर अखण्ड भारत में महती भूमिका निभाई।

**सरदार पटेल का जीवन देश में एक मिशाल बना है-जजपाल सिंह** कार्यक्रम में पूर्व विधायक अशोकनगर जजपाल सिंह ने कहा कि एकता पद यात्रा का आयोजन देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन पूरे देशभर में किया जा रहा है। युवा पीढ़ी हमारे देश का भविष्य है। युवा इस पर विचार करें कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने 150 वर्ष पहले भारत की स्वतंत्रता में अपना भरपूर योगदान दिया।उन्होंने आंदोलन किये,जेल गये, अंग्रेजों की




यातनाएं सही। उन्होंने जो एक आजाद भारत का सपना देखा था,वह साकार करते हुए देश की सेवा की। भारत देश को एक करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। सरदार पटेल अपना पूरा जीवन पर्यन्त देश को एकता की सेवा के लिए आदर्श मानते रहे। उन्होंने देश के लोगों के लिए भाईचारे, एकता एवं भारतीय होने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। युवा पीढ़ी सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के आर्देशों से सीख लें। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र जिला युवा अधिकारी आकांक्षा मावरिया द्वारा स्वागत भाषण दिया तथा एकता पद यात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

**स्वदेशी अपनाने का दिलाया संकल्प** एकता पदयात्रा में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत के आव्हान पर कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा उपस्थितजनों को स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया गया। नशामुक्ति की दिलाई शपथ। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा उपस्थितजनों को नशा न करने हेतु नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन** एकता पदयात्रा के कार्यक्रम के दौरान राव माधव हायर सेकेण्डरी स्कूल की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। साथ ही वुशू खिलाडियों का वुशू खेल का प्रदर्शन किया गया।

**एकता यात्रा को दिखाई हरी झण्डी** एकता यात्रा को अम्बेडकर भवन अशोकनगर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह यात्रा अम्बेडकर भवन अशोकनगर से प्रारम्भ होकर शंकरपुर मगदरा, मोहरीराय से होते हुए तूमैन रोड़ पर राष्ट्र गायन के साथ समापन किया गया।

नगर पालिका और पीडब्ल्यूडी दोनों ही विभाग जिम्मेदारियों से झाड़ रहे पल्ला

# पीडब्ल्यूडी ने तुड़वाई जर्जर इमारतें अब कचराघर बने रिक्त पड़े भूखंड

## खाली पड़े प्लॉटों पर पार्किंग, शौचालय सहित हो सकते हैं अन्य विकास कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर में आधा दर्जन से अधिक रियासतकालीन भवनों के जर्जर होने पर लोक निर्माण विभाग द्वारा उन्हें तुड़वाने की कार्यवाही की गई थी। लेकिन, इन शासकीय भवनों, इमारतों को तुड़वाने के उपरान्त पीडब्ल्यूडी ने उन्हें भगवान भरोसे ही छोड़ दिया है। ऐसे में रिक्त पड़े इन सरकारी भूखंडों का उपयोग आसपास के रहवासियों द्वारा कचराघरों की तरह किया जा रहा है।

जब इस बारे में पीडब्ल्यूडी से बात की जाती है तो वे कहते हैं कि ये हमारे स्वामित्व के नहीं हैं और न ही हमारे पास हैंडओवर करने की पावर है। उधर, नपा के जिम्मेदार इन्हें पीडब्ल्यूडी की संपत्ति बता रहे हैं। मसला जो भी लेकिन इन रिक्त भूखंडों के आसपास के रहवासी कचरा, मकानों का अनुपयोगी मटेरियल सहित ऐसे ही दूसरे अन्य सामानों को फेंक रहे हैं। इन रिक्त भूखंडों पर बाउंड्रीवॉल ही करवा दी जाए या अन्य कोई विकास करवा दिया जाए, ऐसी कोई प्लानिंग फिलहाल तक नहीं हो पाई है।

### मलबा भी नहीं हटाया, अब प्लॉटों पर टीले जैसा स्वरूप

नगर के मेन मार्केट में पारायण चौक के ठीक सामने पुरानी तहसील के जर्जर भवन को ढाई वर्ष पहले लोक निर्माण विभाग ने तुड़वाया था। भवन तुड़वाने के बाद काफी मलबा, मटेरियल यहां निकला था। वह मलबा आदि आज भी आज भी वहीं पर पड़ा हुआ है। अब इस रिक्त भूखंड को आसपास के रहवासी कचराघर की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। यहां मवेषी घूमते रहते हैं वहीं अब काफी मात्रा में फेंका गया कचरा, मलबा भी बहुत ज्यादा इकट्ठा होकर उसने बड़े टीले जैसा रूप ले लिया है।

### जय स्तंभ चौक के समीप भी यही स्थिति

इसी तरह करीब छह माह पहले लोक निर्माण ने स्थानीय जय स्तंभ के ठीक सामने स्थित शासकीय इमारत को तुड़वाया था। पीडब्ल्यूडी ने जिस भी एजेंसी को भवन तोड़ने की जिम्मेदारी दी थी, उसके द्वारा अभी तक इमारत के मलबे तक को यहां से नहीं हटवाया गया है। इसी तरह बैंक ऑफ इंडिया के पास खाली पड़े रिक्त भूखंड का भी यही स्थिति है।

### अन्य स्थानों के खाली प्लॉटों के भी यही हाल

*पुरा क्षेत्र में मेमोरियल गेट के पास की शासकीय इमारत को भी कुछ अर्से पहले पीडब्ल्यूडी ने तुड़वाया था। यह भूखंड भी वर्तमान में खाली ही पड़ा हुआ है। इसी तरह मेन मार्केट में शिवजी की छतरी के पास के दो शासकीय भवनों को भी पीडब्ल्यूडी ने करीब ढाई साल पहले तुड़वाया था, यहां भी विकास कार्य करवाए जा सकते हैं।*

### इनका कहना है...

*हमारा कार्य जर्जर भवनों को तुड़वाना था ताकि कोई जनहानि न हो। ये भवन पीडब्ल्यूडी के स्वामित्व के नहीं हैं। हमने सिर्फ एजेंसी नियुक्त करके इन्हें डिसमेंटल करवाया है।*

*दीपक कुमार,*
*कार्यपालन यंत्री, पीडब्ल्यूडी*

### इनका कहना है...

*रिक्त शासकीय भूखंडों को लोक निर्माण विभाग ने हमें हैंडओवर नहीं किया है। हैंडओवर होने पर ही हम इन खाली प्लॉटों पर पार्किंग, शुलभ शौचालय या अन्य कोई निर्माण करवा पाएंगे।*

*पवन अवस्थी*
*सीएमओ, नगर पालिका, राजगढ़*

4 घंटे चले आंदोलन पर जिला शिक्षा अधिकारी ने लिया एक्शन

# छात्र को परीक्षा से वंचित रखने पर सांदीपनि प्राचार्य को हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



शासकीय सांदीपनि विद्यालय ब्यावरा में कक्षा 11 वीं के छात्र रवि नागर को परीक्षा से वंचित रखा गया। जिसके बाद जब अभाविप कार्यकर्ता प्राचार्य से मिलने पहुंचे तो कार्यकर्ताओं से प्राचार्य ने अभद्रता की। जिसके बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा 10 नवंबर को ज्ञापन दिया गया था जिसमें मांग की गई थी 3 दिवस में सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य पर निलंबन की कार्यवाही की जाए किंतु 10 दिन होने के बाद भी किसी प्रकार की कार्यवाही न होने के बाद अभाविप कार्यकर्ताओं ने लगातार 2 घंटे उग्र आंदोलन किया और नारेबाजी की लेकिन कोई जिम्मेदार अधिकारी बात करने नही पहुंचे। जिसके बाद अभाविप कार्यकर्ताओं ने आंदोलन को जारी रखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को बुलाने को बात रखी।

4 घंटे आंदोलन के बाद जिला शिक्षा अधिकारी आंदोलन स्थल पहुंचे जिसके बाद सीएम राइज प्रिंसिपल सज्जनसिंह यादव को विभागीय जांच रिपोर्ट आने तक प्राचार्य पद से हटाकर डीईओ कार्यालय अटैच किया तथा विद्यालय में पदस्थ आतिश कुमार अग्रवाल को आगामी आदेश तक प्राचार्य का प्रभार दिया। अभाविप कार्यकर्ताओं ने डीईओ से कहा जांच रिपोर्ट आने पर उचित कार्यवाही की जाए अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी।

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य नगर में तेजी से चल रहा



**छापीहेड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का काम किया जा रहा है। जिसमें पटवारी नगर परिषद कर्मचारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मतदाताओं के घर घर जाकर मतदाताओं के फॉर्म भर रहे हैं। ऐसे मतदाता जो 2003 एवं 2025 में नगर छापीहेड़ा में थे उनके फार्म भरे जा रहे हैं एवं जिनके नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं था उनके साथ में उनके पिता माता दादा या दादी के संबंध जोड़कर फॉर्म भरे जा रहे हैं तथा बाहर से आने वाली बहू को उनके 2003 में निवास रत माता पिता दादा दादी की जानकारी मंगवा कर उनके भी फॉर्म भरे जा रहे हैं। इस कार्य हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा पटवारी मनोहर गौड़ नगर परिषद कर्मचारी श्रीराम नागर जमील खा एवं नगर के बीएलओ दिनेश मालवीय द्वारा कार्य किया जा रहा है।

नगर पालिका की साधारण सभा की बैठक में लिए गए कई निर्णय

# खोयरी महादेव धाम पर आर्च ब्रिज निर्माण का टेंडर निरस्त




**राजगढ़।** नगर पालिका परिषद राजगढ़ की साधारण सभा का विशेष सम्मेलन गुरुवार को नपा के सभागार में आयोजित किया गया। क्षेत्रीय विधायक अमर सिंह यादव, नपाध्यक्ष विनोद साहू सहित पार्षदगणों की उपस्तिथि में हुए सम्मेलन में निर्माण कार्य, खरीदी सहित अन्य कार्यों से जुड़े हुए कुल सात प्रस्ताव रखे गए जिन पर गंभीरता के साथ विचार.विमर्श करते हुए सर्व सम्मति से पारित कर दिए गए।

प्रथम प्रस्ताव में शामिल खोयरी महादेव मंदिर क्षेत्र में आर्च ब्रिज निर्माण के संबंध में ठेकेदार द्वारा अनुबंध शर्तें पूर्ण न करने के चलते टेंडर निरस्त कर दिया गया। बैठक में आगजनी से निपटने एक नए फायर बिग्रेड वाहन को खरीदने, दशहरा मैदान के समीप ही फायर स्टेशन निर्माण, ट्रेंचिंग ग्राउंड के लिए आवश्यक निर्माण कार्यों पर स्वीकृत प्रदान की गई। इनके साथ ही वार्ड 8 में मनोज मेवाडे के घर के पीछे की समस्त गलियों में सीसी रोड एवं नालियां निर्माण के लिए प्राप्त दरों को स्वीकृत किया गया।

### गीता भवन निर्माण के लिए दो स्थानों पर विचार

राजगढ़ नगर में गीता भवन का भी निर्माण किया जाना है जिसकी स्वीकृति शासन से मिल चुकी है। उक्त भवन कहां बनाया जाएए उसके स्थानों के संबंध में बैठक में चर्चा हुई। यह भवन या तो विनय हॉस्टल वाले खाली पड़े भूखंड या खरला नाला के ठीक पास पुरानी दूध डेयरी वाले स्थान पर बनाया जाएगा जिसकी आगे की प्रक्रिया समिति बनाकर पूर्ण की जाएगी। इस वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट पर भी बैठक में चर्चा हुई।

अभी भी कई शिक्षकों के आदेश जारी होना है शेष

# जिले के 128 प्राथमिक शिक्षकों के द्वितीय क्रमोन्नति आदेश जारी




**राजगढ़।** शिक्षा जगत से जुड़े विभिन्न शासकीय संगठनों द्वारा समय-समय पर शिक्षकों की क्रमोन्नति/संबंधी मांगे की जाती रही हैं। इसी कड़ी में जिला शिक्षा विभाग ने प्राथमिक शिक्षक के पद पर प्रथम नियुक्ति दिनांक से 24 वर्षों की सेवा पूर्ण कर चुके जिले के 128 लोकसेवकों की द्वितीय क्रमोन्नति संबंधी आदेश जारी किए हैं। क्रमोन्नति उपरान्त उक्त सभी शिक्षकों के वेतन में भी इजाफा होगा, वहीं जिस दिनांक को उनकी 24 वर्ष की सेवाअवधि पूर्ण हुई है, उसका एरियर भी संबंधित शिक्षकों को मिलेगा। हालांकि, अभी और भी कई ऐसे प्राथमिक शिक्षक बचे हैं जिनके आदेश जारी होना बाकी है। शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों का कहना है कि जिला शिक्षा विभाग को उक्त प्रक्रिया तीव्रता से करनी चाहिए ताकि सभी पात्र शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश जारी हो सकें।

**प्रथम श्रेणी एवं मावि शिक्षकों के भोपाल से होने हैं आदेश:** 12 एवं 24 साल की सेवा अवधि पूर्ण कर चुके प्राथमिक शिक्षकों की क्रमोन्नति संबंधी आदेश जहां जारी किए जा रहे हैं वहीं प्रथम श्रैणी एवं माध्यमिक शिक्षकों के आदेश राजधानी भोपाल स्तर से जारी होने हैं। जिला स्तर से पात्र शिक्षकों के प्रस्ताव उच्च कार्यालयों को भिजवाए जाते हैं और वहीं से क्रमोन्नति स्वीकृति संबंधी आदेश जारी होता है।

# शिशु मंदिर में दिशाबोध शिविर का आयोजन



**सारंगपुर।** विद्या भारती मध्य भारत प्रांत की योजना अनुसार सरस्वती विद्या मंदिर सारंगपुर में कक्षा 9 एवं 10 के छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के लिए 3 दिवसीय दिशाबोध शिविर का आयोजन दिनांक 19 से 21 नवंबर तक किया गया। इस शिविर में प्रथम दिवस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष डॉक्टर ध्रुव भल्ला द्वारा छात्र छात्राओं को पुण्य भूमि भारत विषय पर मार्गदर्शन दिया गया। डॉ भल्ला ने कहा के भारत वह पुण्य भूमि है जहां देवताओं ने अवतार लिए।यह देश धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व के कारण ष्पुण्य भूमिष कहलाता है। यह पवित्र नदियों, तीर्थस्थलों और ऐतिहासिक स्थानों से भरा हुआ है जो इसे आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण बनाते हैं। इस शिविर के दौरान सभी छात्र छात्राओं ने वाटर बॉक्स का भ्रमण किया तथा वहां पर जाकर शहर में जल प्रदाय की व्यवस्था को समझा। द्वितीय दिवस सभी छात्र छात्राओं ने सारंगपुर थाने का भ्रमण किया जहां पर पुलिस अधिकारियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली से सभी को अवगत कराया। इसके पश्चात सभी को अल्पाहार कराया गया। विद्यालय प्राचार्य चैनसिंह बन्नासिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।उक्त कार्यक्रम का आयोजन शिविर प्रभारी कमलसिंह राजपूत एवं छाया शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सभी आचार्य दीदियों का सहयोग सराहनीय रहा।

# अधेड़ व्यक्ति फांसी पर लटका मिला, पुलिस जांच में जुटी

**सारंगपुर।** क्षेत्र में एक अधेड़ व्यक्ति का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार ग्राम कंकरिया निवासी महेंद्र उर्फ राणा का शव उनके घर में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर झूलता हुआ पाया गया। घटना के समय मृतक की पत्नी और बेटा हाईवे पर स्थित अपने होटल पर थे। सुबह घर लौटने पर जब उन्होंने देखा तो महेंद्र फांसी के फंदे पर लटके हुए मिले, जिसके बाद परिजनों ने तत्काल इस गंभीर घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर पंचनामा तैयार किया। प्रारंभिक जांच में फांसी के कारणों का स्पष्ट रूप से खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल सारंगपुर भेजा, जहां चिकित्सकों द्वारा पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस परिजनों और आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है। फिलहाल महेंद्र की मौत को लेकर कई तरह की चर्चाएँ चल रही हैं, लेकिन पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्पष्ट स्थिति सामने आ सकेगी।

# सीसीबी ने 72वें अभा सहकारी सप्ताह का किया आयोजन




**राजगढ़।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित राजगढ़ द्वारा आयोजित 72वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का समापन गत दिवस राजगढ़ शाखा परिसर में आयोजि किया गया। कार्यक्रम में सहकारिता की भूमिका, ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास तथा किसानों के हितों पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। वक्ताओं ने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहकारी संस्थाओं की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला तथा सहकारिता को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उपायुक्त सहकारिता पीएस बारोटिया, सहायक मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीके चौहान, शाखा प्रबंधक अमर सिंह यादव, शाखा पर्यवेक्षक मोहन शर्मा एवं सुरेश वर्मा, कृषक सदस्य तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सहकारी सप्ताह का सफलतापूर्वक समापन किया गया।

# भागवत कथा को लेकर शोभायात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन नगर के नवीन हाट बाजार परिसर खिलचीपुर नाका के पास में नगर में शोभायात्रा निकालकर किया गया। पं. सुरेश बिहारी नागर के निवास से शोभायात्रा बुधवारिया बाजार, इंदर चौराहा से होते हुए कथा प्रांगण पहुंची। जहां पर व्यास पीठ से ज्योतिषाचार्य पंडित सुरेश बिहारी नागर ने भागवत कथा का महत्व प्रतिपादित करते हुए कहा की भागवत कथा श्रवण से मनुष्य को अनेकों कष्ट परेशानी से छुटकारा मिलता है।

उन्होंने बताया कि कृष्ण कथा को किसने लिखा और क्यों लिखा गया जिस पर कहा कि व्यासजी ने नारद मुनि से कहा कि मेने वेद व्यास लिखें परन्तु मन को शांति नहीं , तो नारद ने पूछा आपने यह वेद किनके लिए लिखे क्या विद्वान संत महात्मा के लिए लिखें। इस पर नारदजी ने कहा कि आप कृष्ण कथा (भागवत) लिखिए जिसको मनुष्य ग्रहण कर पुण्य पायेगा। गृहस्थ जीवन पर बताया कि पति पत्नी किसे कहते हैं दोनों की बात आपस में मिलकर हो वही पति-पत्नी है, लेकिन गृहस्थी में तीसरा व्यक्ति फेर करता है तो गृहस्थ जीवन सुखमय नहीं होता है। शरीर रूपी मशीन गरम हो जाती है तो शब्दावली उच्चारण तेज हो जाता है। गृहस्थ जीवन में अक्सर ऐसा होता है। इसलिए हमें क्रोधित नहीं होना है क्योंकि जैसा सोचते वेसे ही होगा। उन्होंने तीन बातें जीवन में ऐसी है जो कभी वापस नहीं आती है, जैसे तीर कमान से निकलने पर, बात जुबान से निकलने पर ओर शरीर से प्राण निकलने पर कभी वापस नहीं होते हैं।



# बाल विवाह को रोकने के लिए गांव-गांव में लग रही चौपाल, दिलाई जा रही शपथ




**छापीहेड़ा।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास परियोजना खिलचीपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा विद्यालयों में बाल विवाह प्रतिषेध के तहत एक भी बाल विवाह न हो सके इसके लिए विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा जिसमें बाल विवाह के रोक थाम हेतु जागरूकता रैली निकालने के साथ ही नारे लेखन पोस्टर का कार्य किया गया तथा शपथ भी ली गई। जिसके माध्यम से ग्रामीण जनों को बताया गया कि लड़के की उम्र 21 वर्ष व लड़की की उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद ही विवाह करना चाहिये। शुक्रवार को खिलचीपुर के ग्राम पंचायत जैतपुरा कला एवं पीपल्या कला में बाल विवाह मुक्त राजगढ़ अभियान था। जिसके नोडल अधिकारी सीमा सोलंकी सहायक महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र एवं चुन्नीलाल दांगी व शिक्षा अधिकारी जिला से प्रभारी नोडल अधिकारी एवं वन स्टाप सेंटर प्रशासक रश्मि चौहान परियोजना अधिकारी प्रतिभा साहु सुपरवाइजर अन्नु भिलाला आंहिसा वेल फैयर सोसायटी से अंकिता मैवाडे एवं जमना लाल बैरागी पीपल्या कला के सरपंच जगदीश दांगी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एवं ग्रामीण महिला पुरुष किशोरी बालिकाएं बालक उपस्थित रहे।

# रमेशचंद्र गुप्ता का निधन



**जीरापुर।** मेडतवाल समाज के सदस्य रमेशचंद्र गुप्ता गागोरनी वाले का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। वह संजय गुप्ता लैब वाले के पिताजी थे। डॉ. मनोहर गुप्ता, श्यामसुंदर गुप्ता, रामबाबू गुप्ता के भाई थे। गुरुवार को उनकी शवयात्रा उनके गृह निवास बृजवासी मोहल्ला से स्थानीय मुक्तिधाम ले जाई गई, जहां पर दिवंगत आत्मा के प्रति शोक-संवेदना प्रकट की गई। वह साधारण व्यक्तित्व के धनी थे। उनकी शवयात्रा में समाज सहित अन्य समाज बंधु मिलने जुलने वाले बड़ी संख्या में शामिल हुए।

संस्कार एकेडमी द्वारा राजस्थान का शैक्षणिक भ्रमण संपन्न

# विद्यार्थियों ने देखा इतिहास, संस्कृति विरासत व विज्ञान का अनूठा संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

पचोर नगर के प्रतिष्ठित आवासीय सीबीएसई विद्यालय संस्कार एकेडमी द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित राजस्थान का बहुदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण अत्यंत सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

इस भ्रमण में कक्षा 7 से 12 तक के 52 विद्यार्थियों एवं टीचिंग स्टाफ सहित 66 सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भ्रमण दल के साथ विद्यालय के प्रबंधक दीपक गोयल, दिनेश गोयल, पंकज गोयल, विवेक शर्मा कोऑर्डिनेटर इरशाद अहमद, मानिल गोयल, अनुभवी शिक्षक अनिल द्विवेदी, मानसी सिंह, गौरव निगम एवं राधेश्याम नागर साथ रहे। भ्रमण का प्रथम पड़ाव रहा राजस्थान की राजधानी जयपुर, जिसे गुलाबी नगर के नाम से जाना जाता है। जहां विद्यार्थियों ने आमेर किला में राजपूताना स्थापत्य कला,सिटी पैलेस में शाही संस्कृति का मनोहारी अवलोकन किया। जयपुर की स्थानीय बाजारों में विद्यार्थियों ने कलादृशिल्प और पारम्परिक वस्त्रों का भी अध्ययन किया। भ्रमण का सबसे रोमांचक चरण रहा स्वर्ण नगरी जैसलमेर। यहां विद्यार्थियों ने जैसलमेर किला, पटवों की हवेली, जैसलमेर युद्ध संग्राहलय जैसे ऐतिहासिक स्थलों का गहन अध्ययन किया। संध्या समय सम सैंड ड्यून्स में ऊंट सफारी, जीप सफारी, पेराराईडिंग तथा डेजर्ट कैम्प में आयोजित राजस्थानी सांस्कृतिक नाइट ने बच्चों को लोकनृत्य, कालबेलिया, घूमर, और पारम्परिक वादन कला से अवगत कराया। यह अनुभव विद्यार्थियों के लिए अत्यंत यादगार रहा। साथ ही विद्यार्थियों ने श्रद्धा और संस्कृति का पावन स्पर्श करते हुए जैसलमेर से लौटते समय रामदेवरा में बाबा रामदेव के पावन मंदिर में दर्शन किए, वहीं जोधपुर पहुंचकर मंडोर गार्डन में जोधपुर के इतिहास को जाना। विद्यार्थियों ने यहां की ऐतिहासिक मान्यताओं, सामाजिक सद्भाव और लोक आस्था की परंपरा के बारे में विस्तार से जाना। यह स्थल भ्रमण का आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध करने वाला चरण रहा।

